सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 चैत्र 19, गुरुवार, शाके 1948–अप्रेल 9, 2026 अंक 2
Vol. 78 Chaitra 19, Thursday, Saka 1948–April 9 , 2026 No. 2

भाग 7
विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं मेघा नांगिया आयु 37 वर्ष पुत्री श्री नरेश शर्मा, जाति ब्राह्मण, निवासिनी प्लाट नम्बर 23, गली नम्बर 3, तीजा नगर पांच्यावाला, सिरसी रोड़, जयपुर (राज.) शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि :–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर अपने सन्तानों के साथ निवास करती हूं।
2. यह कि मेरा विवाह श्री रोहित नांगिया पुत्र श्री गगन नांगिया, निवासी बी–40, महल योजना, अक्षयपात्र मन्दिर के पीछे, जगतपुरा, जयपुर के साथ दिनांक 08 मई सन् 2014 ईस्वी को हिन्दू रीति रिवाज के अन्तर्गत सम्पन्न हुआ, तत्पश्चात मेरे व श्री रोहित नांगिया के वैचारिक मदभेद होने के कारण हम दोनों ने न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, क्रम–3. जयपुर महानगर– प्रथम में न्यायालय के आदेश दिनांक 08 जून सन् 2023 ईस्वी के अन्तर्गत विवाह विच्छेद कर लिया।
3. यह कि मेरे व श्री रोहित नांगिया के विवाह के पश्चात् एक पुत्र मौलिक नांगिया उत्पन्न हुआ।
4. यह कि अब मैं अपने पुत्र का नाम ष्मौलिक नांगियाष् के स्थान पर ''मौलिक शर्मा'' दर्ज व अंकित करवाना चाहती हूं।
5. यह कि आज के पश्चात् मेरे पुत्र का नाम ''मौलिक नांगिया'' के स्थान पर ''मौलिक शर्मा'' के नाम से जाना व पहचाना जावेगा।
6. यह कि उक्त शपथ–पत्र मैं मेरे पुत्र के सभी सरकारी व अर्द्धसरकारी दस्तावेजों में जहां जहां उसका नाम मौलिक नांगिया दर्ज है उस स्थान पर मौलिक शर्मा ही दर्ज व अंकित करवाने व आज के पश्चात् मेरे पुत्र को ''मौलिक नांगिया'' के स्थान पर ''मौलिक शर्मा'' के नाम से ही जाना व पहचाना जावे के समर्थन में राजस्थान राजपत्र में प्रकाशित करवाने हेतु प्रस्तुत कर रही हूं।

स्थान : जयपुर — मेघा नांगिया
दिनांक : — हस्ताक्षर शपथग्रहिती

सत्यापन

मैं मेघा नांगिया आयु 37 वर्ष पुत्री श्री नरेश शर्मा उपरोक्त वर्णित शपथ–पत्र को सत्यापित करती हूं कि उक्त शपथ पत्र में दिये गये मद नम्बर 01 लगायत 06 मेरे निजी ज्ञान व जानकारी के अनुसार सही व सत्य है इसमें कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है ईश्वर मेरा साक्षी है।

स्थान : जयपुर — मेघा नांगिया
दिनांक : — हस्ताक्षर सत्यापनकर्ती

ATTESTED
VINOD KUMAR DIXIT
09-03-2026
NOTARY PUBLIC
JAIPUR (RAJ) INDIA
568

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।